Year	Mandhar Factory		Kurkunta Factory		Bokaja Factory	
	New bags	Old bags	New bags	Old bags	New bags	Old bags
1975	2496400	679725	1060000	2050155	..	..
1976	3053950	1141858	1922500	15624650	..	..
1977	2531200	1776648	123004	446775	1633500	556359*

*Excluding Nov. & Dec. receipts.

(b) and (c). Two statements are laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-2245/78.

कानपुर स्थित फुटवेयर कारपोरेशन को हानि

8857. **चौधरी रामगोपाल सिंह** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कानपुर स्थित टैनरी एण्ड फुटवेयर कारपोरेशन को प्रतिमाह लाखों रुपए की हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसके कार्यकरण में सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मइती) : (क) टैनरी एण्ड फुटवेयर कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड कानपुर 1969 में स्थापित किये जाने के समय से ही घाटे में चल रहा है। इसका 31-3-78 तक का कुल इकट्ठा घाटा 8.95 करोड़ रुपए है।

(ख) निगम में हो रहे लगातार घाटे के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं :—

(1) आर्डरों (क्रयादेशों) की कमी के कारण जूतों के मामलों में अधिष्ठापित क्षमता का कम उपयोग

(2) श्रमिकों की भारी संख्या और जरूरत से ज्यादा कर्मचारियों के कारण अत्यधिक प्रशासनिक खर्च;

(3) विपणन व्यवस्था कमजोर होने के फलस्वरूप तैयार माल का बड़ी संख्या में जमा हो जाना।

(4) पुराने और जीर्ण-शीर्ण संयंत्र और उपकरणों के कारण उत्पादकता और गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना है।

(5) कच्ची सामग्री के मूल्यों में अस्थिरता जिसके फलस्वरूप उत्पादन की अनुमानित और वास्तविक लागत में पर्याप्त उतार चढ़ाव होना;

(6) पहले के सरकारी ऋणों पर भारी ऋण बोझा होना; और

(7) कमजोर और निष्प्रभावी प्रबन्ध-व्यवस्था।

(ग) निगम के कार्य निष्पादन में सुधार करने के लिए निम्नलिखित अभ्युदाय किये गये हैं अथवा किये जा रहे हैं :—

(1) उच्चस्तरीय प्रबन्ध-व्यवस्था फिर से दुरुस्त कर दी गई है।

(2) जूतों की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार करने और भारतीय कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक विदेशी जूता तकनीशियन की नियुक्ति की गई है ।

(3) कई वरिष्ठ प्रबन्धकों की सेवायें समाप्त कर दी गई हैं और उनकी जगहों पर नये प्रबन्धकों की भर्ती की गई है ;

(4) निगम में भ्रष्टाचार की जड़ों का पता लगाने और उसे उखाड़ फैंकने के लिए एक सतर्कता प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है ;

(5) संयंत्र और मशीनों का आधुनिकीकरण करने और उनकी प्रतिस्थापना करने के लिए एक प्रावस्थाबद्ध कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है ।

(6) उत्पादन बढ़ाने, विपणन में सुधार करने, बकाया राशि वसूल करने और लम्बी चौड़ी वस्तु सूची को समाप्त करने के लिए अत्यधिक प्रयास किये जा रहे हैं ।

(7) उत्पादन में विविधीकरण लाने और उसमें इष्टतम स्तर तक वृद्धि करने की एक मिली जुली योजना क्रियान्वयन के लिए तैयार की जा रही है ।

Police Commissioner for Delhi

8958. SHRI G. M. BANATWALLA:

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

931 LS—6.

(a) whether Government had decided for introduction of the system of Police Commissioner in Delhi;

(b) if so, what are the reasons for delay in the appointment of Police Commissioner; and

(c) the time by which this system will start functioning?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) to (c). Government is keen to introduce the Police Commissioner system in Delhi at the earliest. Necessary legislation for this purpose has been drafted. The recommendations of the Delhi Metropolitan Council thereon are awarted.

गत तीन वर्षों में मध्य प्रदेश की मिलों को हुआ कुल घाटा

8959. **श्री फूल चन्द वर्मा :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय कपड़ा निगम द्वारा संचालित मध्य प्रदेश की मिलों को कुल कितना घाटा हुआ है;

(ख) क्या सरकार का विचार इस घाटे के बारे में कोई जांच कराने का है; और

(ग) इस समय मध्य प्रदेश की कपड़ा मिलों में बिक्री के लिए अलग-अलग कितने लाख रूपए मूल्य का कपड़ा स्टाक में पड़ा हुआ है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मयती) : (क) मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों ने अप्रैल, 1975 से फरवरी, 1978 की अवधि में कुल 20.93 करोड़ रुपए की सकल हानि (अन्तिम) उठायी थी ।